# प्रेस नोट थाना साइबर क्राइम

# जनपद शाहजहांपुर

**सराहनीय कार्य दिनांक : 13.05.2025**

## थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा इन्स्टाग्राम पर शाहजहाँपुर पर आतंकी हमले की भ्रामक वीडियो पोस्ट करने वाले अभियुक्त को मय मोबाइल फोन सहित किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को बडी कामयाबी मिली।

### घटना का संक्षिप्त विवरण

दिनाँक 09.05.2025 को इन्स्टाग्राम यूजर ankit__kumar71010 द्वारा एक वीडियो जिस पर "हमारे यहाँ शाहजहाँपुर में हुआ आतंकी हमला" पोस्ट की गयी है। इस सम्बन्ध में तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना साइबर क्राइम पर मु0अ0सं0 10/2025 धारा 353 (1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम द्वारा ग्रहण की गयी। उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्त की शीघ्र-अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु कडे दिशा निर्देश दिये गये।

आज दिनांक 13.05.25 को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि आपके मुकदमें से सम्बन्धित अभियुक्त जिस अभियुक्त की आप तलाश कर रहे है वह चिनौर तिराहे के आगे कृष्णा गार्डन कॉलोनी के पास खडा है कही जाने की फिराक में है। उपरोक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर इन्स्टाग्राम आईडी यूजर ankit__kumar71010 अभियुक्त अंकित कुमार पुत्र अजय कुमार नि0 ग्राम मछेछा, थाना पसगवाँ, जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अंकित उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण

अंकित कुमार पुत्र अजय कुमार नि0 ग्राम मछेछा, थाना पसगवाँ, जनपद लखीमपुर खीरी।

### पंजीकृत अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 10/2025 धारा 353 (1) बीएनएस, थाना साईबर क्राइम जनपद शाहजहाँपुर।

### बरामदगी का विवरण

1- 01 अदद मोबाइल रेडमी ( वीडियो पोस्ट करने में प्रयुक्त)

### विवरण पूछताछ

गिरफ्तार अभियुक्त अंकित ने पूछने पर बताया कि साहब मैं इन्स्टाग्राम पर रील बनाकर डालता हूँ। ज्यादा से ज्यादा लाइक और शेयर के लिये मेरे दिमाग में इस तरह की बात आई कि वीडियों पर कुछ लिख कर डालूँगा तो मेरी पोस्ट पर ज्यादा से ज्यादा लाइक और शेयर मिलेगें। इसी वजह से मैनें अपने इन्स्टाग्राम अकाउन्ट पर उक्त वीडियो "हमारे यहाँ शाहजहाँपुर में हुआ आतंकी हमला" पोस्ट की गयी है।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण

नि0 श्री इन्द्रपाल सिंह प्रभारी साइबर क्राइम थाना शाह0

2-हे0का0 सुजीत कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0

3-का0 पुष्पेन्द्र कुमार साइबर क्राइम थाना शाह0